आपकी खबरों का संसार...

# अतुल्य संसार

RNI No.-RJHIN/2015/63826

संस्करणः जयपुर

हिन्दी समाचार पत्र...

web: www.atulyasansar.com

Digital Edition

www.liveworldnews.in

वर्षः 10 | अंकः 346 | जयपुर, शुक्रवार 26 जून, 2026 | मूल्यः 2 रुपए | पृष्ठः 4



किशोर सागर तालाब... पेज 2




राजस्थान सहित 16 ... पेज 3

## दिल्ली रेप-मर्डर, दावा- आरोपी नपुंसक निकला

**रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई; बोला- रेप की कोशिश की, कर नहीं सका फिर मर्डर किया**



**नई दिल्ली।** दिल्ली में 11 साल की बच्ची के रेप-मर्डर को लेकर नया दावा किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी कैब ड्राइवर इरेक्टाइल डिस्फंक्शन, यानी शारीरिक संबंध बनाने में दिक्कत आने से पीड़ित था। उसकी नपुंसकता रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसने गाड़ी की पिछली सीट पर बच्ची के साथ रेप करने की कोशिश की। लेकिन इरेक्टाइल डिस्फंक्शन के कारण वह ऐसा नहीं कर सका। आरोपी ने कहा कि उसने बच्ची को शोर मचाने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी और फिर उसे फरीदाबाद-गुरुग्राम सीमा के पास एक सुनसान जंगली इलाके में ले गया। जहां उसकी हत्या कर दी और शव को पत्थरों के ढेर के नीचे छिपा दिया।

### आरोपी बच्ची को गाड़ी में 12 किमी तक घुमाता रहा

पांच लोगों का परिवार फुटपाथ पर एक कतार में सो रहा था, जिसमें बच्ची अपनी मां, मौसी, भाई और पिता के बीच में थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी बाशु कुमार सिंह ने अपनी कार उनके ठीक बगल में खड़ी की थी और उसका पिछला दरवाजा खुला था। उसने बच्ची को गोद में उठाया और गाड़ी की पिछली सीट पर लेटा दिया। जैसे ही गाड़ी चलने लगी, लड़की को थोड़ा होश आया और वह अपने पिता को पुकारते हुए चिल्लाई। जिससे उनकी नींद खुल गई। पुलिस ने बताया कि उसके पिता ने गाड़ी को रोकने की कोशिश में उसके पीछे दौड़कर उस पर डंडे फेंके, लेकिन आरोपी गाड़ी भगा ले गया। लड़की के पिता को बस इतना ही याद था कि गाड़ी की नंबर प्लेट पीली थी, जिससे पता चलता था कि वह एक कमर्शियल गाड़ी थी। आरोपी बच्ची को फतेहपुर बेरी के पास मंडी रोड की ओर लगभग 10 से 12 किलोमीटर तक ले गया। पुलिस ने बताया कि लाश को ठिकाने लगाने के बाद आरोपी गुरुग्राम में अपने किराए के घर लौटा, कपड़े बदले और कुछ ही घंटों में कैब ड्राइवर के तौर पर काम पर वापस चला गया।

## कोलकाता में बारिश से सड़कें डूबीं, जगह-जगह ट्रैफिक जाम

**दिल्ली-एनसीआर में आंधी-बारिश से पेड़ गिरने, टेंट-शेड उड़ने का खतरा; गोवा में टूरिस्ट समुद्र में बहा**




**भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में गुरुवार दोपहर को मूसलाधार बारिश हुई। करीब दो घंटे की तेज बारिश से शहर की कई प्रमुख सड़कें डूब गईं। कोलकाता और साल्ट लेक के कई इलाकों में सड़कों पर पानी भरने से लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। भारी बारिश के कारण तारातला में ढहे गोदाम पर चल रहा रेस्क्यू ऑपरेशन भी प्रभावित हुआ है। बुधवार को हुए हादसे में 10 लोगों की मौत हुई है। अब तक मलबे से 30 लोगों को निकाला गया है। कई लोग अभी भी मलबे के नीचे दबे हैं। इधर, 6 राज्यों- उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली में प्री-मानसून बारिश जारी है। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर में अगले कुछ घंटों के दौरान आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। हवा की रफ्तार 70 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। इससे पेड़ गिरने और टेंट-शेड उड़ने का खतरा है। गोवा के बागा बीच पर बुधवार को एक टूरिस्ट की समुद्र में बहने से मौत हो गई। कर्नाटक के रहने वाले सहस अशपाक मसाली (33) समुद्र किनारे चट्टानों पर बैठे थे। इसी दौरान तेज लहरें उठीं और उफनते समुद्र ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

### 22 राज्यों में मानसून पहुंचा, यूपी-बिहार में हीटवेव की आशंका


देश के 22 राज्यों में मानसून पहुंच चुका है। 24 जून को इसने मध्य प्रदेश और गुजरात में 9 दिन की देरी से एंट्री की। 5 जुलाई तक बाकी राज्यों को भी कवर कर सकता है।


## वेनेजुएला में 39 सेकेंड में भूकंप के 2 बड़े झटके...

# 60 सेकेंड तक शहर हिलता रहा...

# अब तक 164 की मौत, 971 घायल

**कराकस, वेनेजुएला।** वेनेजुएला में 39 सेकेंड में दो ताकतवर भूकंप से तबाही मच गई है। दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में बुधवार शाम 6.04 बजे 7.2 और 6.05 बजे 7.5 तीव्रता के दो झटके आए। उस समय भारत में गुरुवार तड़के 3.34 और 3.35 बजे थे। लोगों ने बताया कि भूकंप के बाद 60 सेकेंड तक शहर हिलता रहा। 20 ऑफ्टरशॉक भी दर्ज किए गए हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक अब तक 164 मौतों की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 971 घायल हैं। ये भूकंप ऐसे दिन आए, जब पूरे देश में राष्ट्रीय अवकाश था। 1821 में स्पेन के खिलाफ आजादी की लड़ाई की ऐतिहासिक जीत की सालगिरह पर स्कूल और दफ्तर बंद थे। इसी वजह से ज्यादातर लोग अपने घरों में मौजूद थे। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप से 10 हजार से ज्यादा लोगों के मारे जाने की 44त्न आशंका है। वहीं, 30% आशंका एक लाख लोगों के जान गंवाने की भी है। दोनों भूकंप राजधानी कराकस से करीब 290 किलोमीटर पश्चिम में आए। इससे कई शहरों में इमारतें गिर गईं या खतरनाक तरीके से झुक गईं। कराकस एयरपोर्ट की छत का कुछ हिस्सा गिर गया। इससे धूल का गुबार उठता दिखाई दिया।





### 126 साल में सबसे बड़ा भूकंप, देश में इमरजेंसी

वेनेजुएला में यह पिछले 126 साल का सबसे बड़ा भूकंप है, इससे पहले 1900 में 7.7 का तीव्रता का भूकंप आया था। कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया।

### 27 साल पहले हुए भूस्खलन में ला ग्वाइरा शहर में 15 हजार लोग मारे गए थे

बुधवार को आए दोनों शक्तिशाली भूकंपों का सबसे ज्यादा असर ला ग्वाइरा शहर में दिखाई दिया। यह वेनेजुएला की राजधानी कराकस के पास स्थित एक पोर्ट सिटी है। साल 1999 में यहां मूसलाधार बारिश के बाद भीषण भूस्खलन हुआ था। पहाड़ियों पर बनी बस्तियां मलबे में दब गई थीं और कम से कम 15 हजार लोगों की मौत हुई थी। उस समय यह हादसा तत्कालीन राष्ट्रपति ह्यूगो शावेज के सत्ता संभालने के कुछ ही महीनों बाद हुआ था। अभी यह जो हादसा हुआ है वह डेल्सी रोड्रिगेज के कार्यवाहक राष्ट्रपति बनने के कुछ महीने बाद हुआ है।

### एक्सपर्ट बोले- इतने कम समय में 2 भूकंप के झटके सामान्य नहीं

डरहम यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर मार्क एलन ने **CNN** को बताया कि, वेनेजुएला में आए दोनों बड़े भूकंप इतने कम समय के अंतर पर आना सामान्य नहीं है। उन्होंने कहा हो सकता है कि पहले भूकंप से जमीन के नीचे मौजूद एक फॉल्ट लाइन खिसकी हो। इससे दूसरी फॉल्ट लाइन पर दबाव बढ़ गया और कुछ ही देर बाद वहां भी भूकंप आ गया। उन्होंने चेतावनी दी कि राजधानी कराकस और उसके आसपास के इलाकों में अभी और आफ्टरशॉक आने का खतरा बना हुआ है। भूकंपों के बाद जमीन के नीचे मौजूद स्थानीय फॉल्ट लाइनों पर दबाव बढ़ गया है, जिससे आने वाले दिनों में फिर से तेज झटके महसूस हो सकते हैं।

### वेनेजुएला में मृतकों का आंकड़ा 164 हुआ

वेनेजुएला में आए भूकंपों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 164 हो गई है, जबकि 971 लोग घायल हुए हैं। न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के हवाले से दी है।

### वेनेजुएला में इतना भीषण भूकंप कैसे आया

वेनेजुएला ऐसे इलाके में है, जहां भूकंप आने का खतरा हमेशा बना रहता है। इसकी वजह यह है कि यहां कैरिबियन प्लेट और साउथ अमेरिकन प्लेट आपस में मिलती हैं। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे (स्त्रस्) के मुताबिक, बुधवार को आए दोनों भूकंप इन्हीं प्लेटों के टकराने और खिसकने से आए। आसान भाषा में समझें तो जमीन के नीचे बड़ी-बड़ी चट्टानों की परतें (टेक्टोनिक प्लेटें) लगातार धीरे-धीरे खिसकती रहती हैं। लेकिन जब ये अचानक झटके से खिसकती हैं, तो जमीन हिलने लगती है और भूकंप आ जाता है। **USGS** का कहना है कि भूकंप सिर्फ एक जगह नहीं आता। जमीन के नीचे कई किलोमीटर लंबे हिस्से में प्लेटें खिसकती हैं, जिससे तेज झटके महसूस होते हैं। एजेंसी के मुताबिक, इन दोनों भूकंपों के बाद भी जमीन के नीचे हलचल जारी है। इसलिए अगले कुछ दिनों में और झटके आ सकते हैं। इनमें से कुछ झटके काफी तेज भी हो सकते हैं।

## भूकंप से बची तो बेटी को गले लगाकर रोई महिला

**गिरती इमारतों से पालतू जानवरों को निकालकर लाए लोग**



**कराकस, वेनेजुएला।** वेनेजुएला में 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो भूकंपों से तबाही मच गई। 39 सेकेंड के अंदर राजधानी कराकस की ऊंची इमारतें मलबे के ढेर में बदल गईं। भूकंप ने कुछ ही सेकेंड में हजारों लोगों की जिंदगी बदल दी। कई परिवारों ने अपनों को खो दिया, सैकड़ों लोग घायल हुए और बड़ी संख्या में लोगों को घर छोड़ना पड़ा। इस तबाही के बीच कई भावुक और दिल दहला देने वाले दृश्य सामने आए। कोई मलबे से सुरक्षित निकलने के बाद अपनी बेटी को गले लगाकर रो पड़ा, तो कई लोगों ने जान जोखिम में डालकर पालतू जानवरों को बचाया।

## ट्रम्प बोले-ईरानी स्कूल पर अमेरिकी मिसाइल गिरने के सबूत नहीं

**हर तरफ मिसाइलें चल रही थीं, जिम्मेदार का पता लगाना मुश्किल, 175 जानें गई थीं**

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के मिनाब गर्ल्स स्कूल पर हुए हमले में अमेरिकी मिसाइल के इस्तेमाल से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि उस वक्त हर तरफ मिसाइलें दागी जा रही थीं, इसलिए शायद कभी यह पता नहीं चल पाएगा कि हमले के लिए जिम्मेदार कौन था। ट्रम्प ने कहा, किसी ने कहा कि यह हमारी मिसाइल थी, लेकिन हो सकता है कि वह हमारी मिसाइल न हो। मैंने ऐसा कोई सबूत नहीं देखा, जिससे लगे कि यह हमला हमने किया था। हालांकि 10 दिन पहले ही ट्रम्प ने इस घटना को गलती बताया था और कहा था कि स्कूल को



जानबूझकर निशाना नहीं बनाया गया। मार्च में आई रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि सेना की शुरुआती जांच में हमले के पीछे अमेरिकी फोर्सेस का रोल होने की आशंका जताई गई थी। हालांकि पेंटागन ने अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और जांच जारी है। ईरान के मुताबिक, 28 फरवरी को मिनाब के गर्ल्स स्कूल पर हुए हमले में 175 से ज्यादा बच्चों और शिक्षकों की मौत हुई थी। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने इस हमले को भयावह बताया था।

**1. कच्चा तेल 70 डॉलर से नीचे आया:** अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई। ब्रेंट क्रूड भी गिरकर 73.50 डॉलर पर पहुंच गया, जिससे वैश्विक ऊर्जा बाजार को राहत मिली है। **2. तेल कंपनियों को ट्रम्प की धमकी:** ट्रम्प ने अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट को तेल कंपनियों की जांच के निर्देश दिए।

## केतन की हत्या के पहले सिया-चेतन कैफे में मिले थे

**पुणे।** पुणे केतन मर्डर केस में नया वीडियो सामने आया है। केतन की हत्या के एक दिन पहले 17 जून को आरोपी सिया और प्रेमी चेतन चौधरी एक कैफे में मिले थे। न्यूज एजेंसी ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया कि यहीं लोहगढ़ किले पर केतन को खाई में धक्का देने का प्लान बनाया था। दोनों ने वह पॉइंट भी ढूंढ लिया, जहां से केतन को धक्का देना था। यदि केतन इससे भी बच जाता तो 20 जून के बाद सड़क हादसे में मारने का बैकअप प्लान तैयार था। दरअसल, 31 मई को सिया और मंगेतर केतन लोहगढ़ किले गए थे। वहां केतन एक खतरनाक जगह बैठा था। तभी सिया को उसे मारने का आइडिया आया। 14 जून को भी केतन को धक्का देने की कोशिश की गई थी। उस समय सिया ने सांप दिखने का बहाना बनाकर घटना को हादसा बताने की कोशिश की थी, लेकिन केतन बच गया था। केतन मर्डर केस में उसकी मंगेतर सिया और सिया के लवर चेतन को 7 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा गया है।

# सांसद ने राममंदिर जमीन घोटाले के सबूत एसआईटी को दिए

**संजय सिंह ने 12 मिनट में एसआईटी अध्यक्ष को 11 सबूत सौंपे, पूछा- अब तक एफआईआर क्यों नहीं हुई**

**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच कर रही एसआईटी को आप सांसद संजय सिंह ने जमीन घोटाले से जुड़े सबूत दिए। संजय सिंह गुरुवार सुबह 11 बजे लखनऊ में एसआईटी के अध्यक्ष विजय विश्वास पंत के ऑफिस पहुंचे। वे करीब 12 मिनट कमरे में रुके। संजय सिंह ने बाहर आकर कहा- राम मंदिर में जमीन घोटाले के 11 कागजात मैंने एसआईटी को सौंपे हैं। उन्होंने कहा- एक-एक कर सब सामने आ रहा है। पैसे की बरामदगी हो चुकी है, चढ़ावे में चोरी के तमाम साक्ष्य मिल चुके हैं। फिर भी अब तक कोई जेल क्यों नहीं गया? किसी की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई? कोई एफआईआर अब तक क्यों दर्ज नहीं हुई? यह बेहद हैरान करने वाली बात है। दरअसल, संजय सिंह ने दावा किया था कि उनके पास अयोध्या में



जमीन घोटाले से जुड़े सबूत हैं। इसके बाद एसआईटी के प्रमुख कुमार विश्वास पंत ने उन्हें सबूत के साथ बुलाया था। वहीं आप पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने कहा- राममंदिर में चढ़ावा चोरी की घटना से दुःखी हूं। कल भगवान राम के दर्शन करने जाऊंगा। इधर, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के इस्तीफे की खबर को मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव ने खारिज कर दिया है। गोपाल राव ने गुरुवार को कहा कि चंपत राय ने इस्तीफा नहीं दिया है। उन्होंने बताया- सोशल मीडिया पर झूठी और भ्रामक खबरें फैलाई जा रही हैं। लोगों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। मामले की जांच एसआईटी कर रही है। एसआईटी रिपोर्ट का इंतजार कीजिए। इसके बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। दरअसल, गुरुवार सुबह से सोशल मीडिया पर चंपत राय के इस्तीफे को लेकर दावा किया जा रहा था। कई पत्रकारों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने इसे लेकर एक्स पर पोस्ट किए थे। इसके बाद दैनिक भास्कर ने मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव और विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय महासचिव बजरंग लाल बागड़ा से फोन पर बात की। बजरंग लाल बागड़ा ने भी कहा- चंपत राय से इस्तीफा लेने की बात गलत है।

### प्रवीण तोगड़िया बोले- राम मंदिर चढ़ावा चोरी के आरोपियों को फांसी हो

राममंदिर आंदोलन से जुड़े रहे और विश्व हिंदू परिषद के पूर्व प्रमुख प्रवीण तोगड़िया ने कहा- राममंदिर चढ़ावा चोरी मामले का केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाए। दोषियों को फांसी की सजा दी जाए। अयोध्या में आप विधायक अनिल झा ने महंत राजू दास के अरविंद केजरीवाल को कालनेमि कहे जाने पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा- यह व्यवहार संतों के अनुरूप नहीं बल्कि रावणतुल्य है। अयोध्या के वास्तविक संत सनातन धर्म की परंपरा का पालन करते हुए यहां आने वाले सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करते हैं।

## शिविरों में ग्रामीणों को मिले योजनाओं का पूरा लाभ, समस्याओं का हो तुरंत समाधान- जिला कलक्टर



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**बूंदी।** जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव ने गुरूवार को बूंदी उपखंड के रामगंज बालाजी और दौलाड़ा ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविरों में विभागवार किए जा रहे कामकाज की बारीकी से जांच की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का फायदा मिले और उनकी जायज समस्याओं का समाधान शिविर में तुरंत हो जाए। शिविर में अर्जित प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि राशन कार्ड को आधार और जन-आधार से सीडिंग करने का काम शत-प्रतिशत पूरा होना चाहिए। इसके साथ ही पेंशन सत्यापन और किसानों के रजिस्ट्रेशन के काम भी शिविरों में ही शतप्रतिशत पूरे किए जावे। उन्होंने विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि मुख्य शिविर लगने से पहले ही ग्राम पंचायत में प्री-कैंप लगाए जाएं। ताकि ग्रामीणों की मुख्य समस्याएं पहले ही चिह्नित कर ली जाएं और मुख्य शिविर वाले दिन उन समस्याओं का समाधान उसी दिन कैंप में ही हो जाए। जिला कलक्टर ने कहा कि हरियालो राजस्थान के तहत बारिश के मौसम में लक्ष्य के मुताबिक ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि पौधे लगाने के साथ ही उनकी सार संभाल और उनकी सुरक्षा के प्रबंध भी किए जाएं। जल संरक्षण को लेकर उन्होंने निर्देश दिए कि गांवों में जहां भी हैंडपंप लगे हैं, उनके पास बारिश से पहले सोखता गड्ढे जरूर बना लिए जाएं ताकि व्यर्थ बहने वाले पानी को सहेजा जा सके। उन्होंने कहा कि सिवायचक और चारागाह की भूमि पर अगर किसी ने अतिक्रमण कर रखा है, तो उसे बिना किसी देरी के तुरंत प्रभाव से हटाया जाए। निरीक्षण के दौरान विकास अधिकारी बूंदी मनोज जैन और तहसीलदार अर्जुन लाल मीणा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी व ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# नशा मुक्त भारत के संकल्प के साथ नुक्कड़ नाटक का आयोजन, कलाकारों ने दी नशे से दूर रहने की सीख

**बूंदी।** नशा छोड़े, जीवन जोड़े के संदेश के साथ अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में जिले में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में मानव एवं पर्यावरण विकास संस्थान के माध्यम से जिले के पांचों ब्लॉकों बूंदी, केशोरायपाटन, तालेड़ा, नैनवां, हिंडोली सहित बूंदी शहर में नशा विरोधी नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अर्पित जैन ने बताया कि 22 जून से शुरू हुआ यह जागरूकता अभियान 26 जून तक जारी रहेगा। इस दौरान सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा अपने वाद्य यंत्रों और प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से लोगों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान दौरान



जन-सामान्य तक नशे की विभीषिका के बारे में जानकारी दी जा रही हैं। कलाकारों की टीम जिले के प्रमुख चौराहों, मॉल, बाजारों और विशेष रूप से हॉट-स्पॉट व कच्ची बस्तियों में जाकर नुक्कड़ नाटकों का मंचन कर रही है। इन नाटकों के जरिए बताया जा रहा है कि किस प्रकार नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को खोखला कर देता है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत केवल नुक्कड़ नाटक ही नहीं, बल्कि आमजन को सीधे जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। कलाकार जहाँ भी अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं, वहीं मौजूद नागरिकों को नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई जा रही है। साथ ही, बड़ी संख्या में लोगों से नशा छोड़ने और नशे के विरुद्ध खड़े होने के लिए हस्ताक्षर भी करवाए जा रहे हैं।

# किशोर सागर तालाब पर हुई संयुक्त मॉक ड्रिल

## बाढ़ एवं आपदा की स्थितियों से निपटने के लिए एजेंसियों की तैयारियां परखी

**कोटा।** मानसून के दौरान संभावित बाढ़ एवं आपदा की स्थितियों से निपटने के लिए राहत एवं बचाव एजेंसियों की आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के लिए गुरुवार को किशोर सागर तालाब पर संयुक्त मॉक ड्रिल आयोजित की गई।

मॉक ड्रिल में जिला प्रशासन के साथ एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना एवं सिविल डिफेंस की टीमों ने एक साथ संयुक्त अभ्यास कर बाड एवं अतिवृष्टि के हालत पैदा होने किए जाने वाले उपायों एवं रेस्क्यू ऑपरेशन का अभ्यास किया। संयुक्त अभ्यास में किशोर सागर तालाब के बीच स्थित जलमहल में फंसे कुछ लोगों को सुरक्षित निकालकर उन्हें फर्स्ट एड उपलब्ध कराने के साथ ही एम्बुलेंस से तुरंत हॉस्पिटल भेजने का



अभ्यास किया गया। जलमहल में फंसे लोगों को नावों के माध्यम से एनडीआरएफ एवं सेना के जवान सुरक्षित लेकर आए और जिनकी हालत गंभीर थी उन्हें किशोर सागर बारहदरी पर बने इमरजेंसी मेडिकल कैम्प में सीपीआर देकर एम्बुलेंस से अस्पताल रवाना किया गया। मॉक ड्रिल एडीएम सीलिंग श्रीमती कृष्णा शुक्ला, एनडीआरएफ के असिस्टेंट कमांडेंट श्री प्रवीण कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय चंचल मिश्रा, एसडीआरएफ से एकता हाडा सहित अन्य अधिकारियों की निगरानी में हुई। मॉक ड्रिल में सेना की 14 सिख रेजीमेंट, 9वीं इंजीनियरिंग, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस एवं पुलिस की टीमें शामिल हुई।

# कांग्रेस ने राष्ट्रव्यापी 'छात्रों की गूंज' अभियान का कोटा से किया शुभारंभ

**शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और पेपर लीक माफिया की जांच की मांग-जिग्नेश मेवानी**

**भाजपा सरकार की लापरवाही के चलते पेपर लीक ने छात्रों की मेहनत को तार तार कर कुचल दिया-राखी गौतम, पेपर लीक एक घटना नही भाजपा का सिस्टम बनकर रह गया है- भानू प्रताप**

**कोटा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी छात्रों की गूंज अभियान का शुभारंभ आज कोटा में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता के साथ सर्किट हाउस में किया गया। इस 40 दिन के अभियान के तहत देश के 28 प्रमुख शहरों में छात्र, अभ्यर्थी, कोचिंग हब और कॉलेज कैंपस में संपर्क किया जाएगा। कोटा में आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त कोटा संयोजक एवं गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष, विधायक जिग्नेश मेवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे।




### कांग्रेस की 3 मुख्य मांगें रखी

1. शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें। पेपर लीक माफिया, वेंडर एजेंसियों और राजनीतिक संरक्षण की निष्पक्ष जांच हो।

2. पूरी परीक्षा व्यवस्था का ओवरहॉल हो। ह्ज्ञ, पेपर सेटिंग, प्रिंटिंग, ट्रांसपोर्ट, परीक्षा केंद्र और वेंडर कॉन्ट्रैक्ट की जांच हो।

3. तय वार्षिक परीक्षा और भर्ती कैलेंडर लागू हो। परीक्षा तिथि, रिजल्ट और नियुक्ति की समयसीमा पहले घोषित हो।

भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त कोटा संयोजक एवं गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष, विधायक जिग्नेश मेवानी कोटा संयोजक जिग्नेश मेवानी ने प्रेस वार्ता में कहा नीट यूजी 2026 का पेपर लीक इस बात का सबूत है कि भाजपा की सरकार ने NTA को National Trauma Agency बना दिया है। 20 से अधिक छात्र आत्महत्या कर चुके हैं, लाखों का भविष्य दांव पर है, फिर भी शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान कुर्सी से चिपके हुए हैं। जब मंत्री खुद कह रहे हैं कि छात्रों की आत्महत्या के लिए मैं जिम्मेदार हूं, तो इस्तीफा देने में शर्म क्यों? पेपर लीक माफिया और उनके राजनीतिक संरक्षक बेनकाब होंगे। छात्रों की गूंज अब सड़कों से दिल्ली संसद तक गूंजेगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को नैतिकता के आधार पर हर हालात में इस्तीफा देना ही पड़ेगा।

शहर जिलाध्यक्ष राखी गौतम ने कहा कि कोटा कोचिंग की राजधानी है देश भर से कोने कोने से हजारों छात्र छात्राये कोटा में पढ़ने आते हैं यहां हर गली में एक छात्र अपने सपने लेकर रहता है। लेकिन भाजपा सरकार ने उनकी मेहनत को पेपर लीक से कुचल दिया है।

कोटा के छात्रों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा। जिला कांग्रेस कमेटी छात्रों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस लड़ाई को आगे ले जाएगी। 1 अगस्त को कलेक्ट्रेट घेराव में कोटा के हर छात्र की आवाज़ होगी। देहात अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि पेपर लीक अब एक घटना नहीं, भाजपा का सिस्टम बन गया है। 10 साल में 89 पेपर लीक, 6.5 करोड़ छात्र प्रभावित। ये आंकड़े चीख-चीख कर कह रहे हैं कि शिक्षा व्यवस्था ICU में है। गांव का किसान कर्ज लेकर बच्चे कोचिंग भेजता है, और बदले में उसे पेपर लीक मिलता है।

यह अन्याय अब नहीं चलेगा। देहात का हर युवा छात्रों की गूंज अभियान के साथ खड़ा है। काग्रेस कमेटी के जिला महासचिव डॉ विजय सोनी ने बताया कि सर्किट हाउस प्रेसवार्ता में पीड़ित नीट की छात्रा दीया लालवानी ने भी अपनी बात रखी वार्ता में प्रमुख रूप से पीसीसी महासचिव जिला प्रभारी पुष्पेंद्र भारद्वाज,खेल प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष आमीन पठान , निवर्तमान उपमहापौर पवन मीणा,महासचिव डॉ विजय सोनी युवा कांग्रेस अध्यक्ष मौजूद्दीन गुड्डू , एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल मेवाड़ा,आईटी सेल देहात अध्यक्ष प्रदीप सुमन आदि मौजूद रहे।

# उदयपुरवाटी में निर्जला एकादशी पर हुआ दान पुण्य

## बाजार में जगह-जगह लोगों को शिकंजी पिलाई

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** निर्जला एकादशी पर गुरुवार को शहर में विभिन्न संगठनों की तरफ से दान पुण्य किए गए और राहगीरों को शरबत पिलाया गया। जानकारी के अनुसार निर्जला एकादशी पर सुबह से ही दान पुण्य का दौर शुरू हो गया जो शाम तक जारी रहा। लोगों ने मंदिरों में पानी के मटके और फल फ्रूट रखवाए। शहर के गोपीनाथ जी मंदिर, केशव राय जी मंदिर, सांवरिया सेठ मंदिर, बिहारी जी मंदिर, रघुनाथ जी मंदिर सहित धार्मिक स्थलों पर दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। लोगों ने विभिन्न मंदिरों में और ब्राह्मण समाज के घरों में पानी के मटके रखवाए। शहर में जगह-जगह पर ठंडे पानी, नींबू की शिकंजी और ठंडे शरबत की व्यवस्था की। राहगीरों को मनुहार पूर्वक ठंडा पानी और शरबत पिलाया। पोस्ट ऑफिस के पास श्याम भक्त मंडल के सौजन्य से राहगीरों को शरबत पिलाने की व्यवस्था की गई। यहां अनीता हरलालका, सुभाष हरलालका, रामावतार शाह, मानसिंह लाठर, सुमेर सिंह राव, विश्वनाथ पटवारी सहित कई लोग सेवा में मौजूद थे। इसके अलावा बस स्टैंड, घूम चक्कर, नई मंडी, पुरानी मंडी, जांगिड़ कॉलोनी, मुख्य बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर ठंडे पानी और शरबत पिलाने की व्यवस्था की गई।




# निर्जला एकादशी पर श्रद्धालुओं को पिलाया गया शीतल जल व ज्यूस

**विजयपाल सैनी शाहपुरा ।** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर शाहपुरा में नीमकाथाना - त्रिवेणी रोड़ पर समाजसेवियों द्वारा सेवा भाव का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए आमजन एवं राहगीरों के लिए ठंडे जल एवं ज्यूस की व्यवस्था की गई। इस सेवा कार्य में प्रमुख रूप से जांगिड़ समाज के उप प्रधान एवं समाजसेवी अशोक जांगिड़, अमरचंद जांगिड़, घनश्याम ढ़बास , गौरव जांगिड़, वीर सिंह, पूर्ण सैनी, सौरभ जांगिड़ एवं शुभम जांगिड़ सहित अन्य सहयोगियों ने भाग लिया।




सभी ने मिलकर राहगीरों को ज्यूस पिलाकर गर्मी से राहत प्रदान की।

समाजसेवियों ने बताया कि निर्जला एकादशी के दिन जल सेवा का विशेष महत्व होता है। इस अवसर पर लोगों ने सेवा कार्य की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं राहगीरों ने लाभ उठाया। आयोजन स्थल पर पूरे दिन सेवा कार्य जारी रहा, जिससे लोगों को काफी राहत मिली।

इसी प्रकार बस स्टैंड पर जयपुर तिराया पर पुराना बस स्टैंड पर श्री नारायण पार्क के सामने सहित करीब चार दर्जन स्थानों पर जगह-जगह निर्जला एकादशी पर शरबत शिकंजी सहित अनेक पर पदार्थ पिलाकर पुण्य कमाया।

# निर्जला एकादशी पर खटीक समाज युवा प्रकोष्ठ ने किए सेवा कार्य

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** कस्बे में निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर खटीक समाज युवा प ्रकोष्ठ, उदयपुरवाटी द्वारा अध्यक्ष विक्रम कुमार असवाल के नेतृत्व में मानव सेवा के अनेक कार्य किए गए। संस्था द्वारा सर्वप्रथम गोशाला में गौमाता हेतु चारा वितरित किया गया।




इसके पश्चात सरकारी अस्पताल, उदयपुरवाटी में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। वहीं खटीक समाज धर्मशाला, घाट नला के बाहर आने-जाने वाले राहगीरों के लिए शीतल जल हेतु मटकों की व्यवस्था की गई।

इस पुण्य कार्य में निम्न पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे विक्रम कुमार असवाल, खटीक समाज युवा प्रकोष्ठ(अध्यक्ष), एडवोकेट राजेंद्र प्रसाद दायमा, कोषाध्यक्ष , अशोक कुमार दायमा, वरिष्ठ अध्यापक एवं संरक्षक, मोहनलाल असवाल, गोल्याणा, संरक्षक, दिलीप असवाल, महासचिव, राजकुमार दायमा, मीडिया प्रभारी राजेंद्र असवाल, मीडिया प्रभारी, रविंद्र असवाल भुंदा कर्म वीर असवाल, ॠतिक असवाल ,जीतू असवाल, सोनू असवाल ,कुंदन असवाल, गोकुल असवाल एवं प्रदीप असवाल काना असवाल आदि लोग मौजूद रहे ।

## जरूरत मन्द मानव की सेवा ही सर्वोपरि चामड़ मन्दिर समिति की अनूठी पहल



**दीपचंद शर्मा कामां।** कामवन - ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग स्थित घेरे वाली चामड़ माता मन्दिर पर अधिक मास में समिति द्वारा परिक्रमार्थियों की सेवा कर अनूठी मिसाल पेश की है। अपना घर सेवा समिति कामवन के अध्यक्ष प्रमोद पुजारी ने बताया कि चांमड मन्दिर समिति सदा से ही मानव सेवा के लिए तत्पर रहती है। इसी भावना से चौरासी कोस परिक्रमा में भंडारा सेवा में से बची हुई राशन सामग्री को आज अपना घर आश्रम कोकिलावन में प्रभु जी की सेवा के लिए समर्पित कर अदभुत सेवा की मिसाल पेश की है। अपना घर आश्रम कोकिलावन से गाडी मंगवा कर राशन सामग्री रवाना की। इस अवसर पर चांमड़ मन्दिर के महंत बाबा श्याम सुन्दर दास चांमड मन्दिर कमैटी से खेमराज खंडेलवाल अजय खंडेलवाल राधा शरण शर्मा गोविन्द खण्डेलवाल छिद्दू मीणा मुरारी मीणा वेदप्रकाश खंडेलवाल विष्णु नाटाणी हरप्रसाद नाटाणी व अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अपना घर सेवा समिति इकाई कामवन उनके इस पुनीत कार्य के लिए बहुत बहुत आभार एवं धन्यवाद देती हैं एवं ईश्वर से प्रार्थना करती है कि मानव सेवा के कार्य में आगे भी आप निरंतर प्रयास करते रहे।

## डीग जिले की विद्युत समस्याओं के समाधान हेतु महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष एडवोकेट स्वेता यादव ने सीएमडी आरती डोगरा को सौंपा ज्ञापन

**दीपचंद शर्मा/ डीग।** महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष एडवोकेट स्वेता यादव ने डीग जिले में लंबे समय से चली आ रही विद्युत समस्याओं को लेकर बिजली विभाग की सीएमडी आरती डोगरा को विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति से संबंधित विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की गई। एडवोकेट स्वेता यादव ने बताया कि डीग जिले के अनेक गांवों और कस्बों में बार-बार बिजली कटौती, जर्जर विद्युत लाइनें, कम वोल्टेज, खराब ट्रांसफार्मर तथा नए विद्युत कनेक्शनों में हो रही देरी के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों एवं महिलाओं को इन समस्याओं से अधिक प्रभावित होना पड़ रहा है। ज्ञापन में मांग की गई सीकरी में 220 केवी जीएसएस स्वीकृत हुआ पड़ा है परन्तु आज तक उसकी सप्लाई चालू नहीं की गयी है 132 केवी जीएसएस पर लोड दे रखा है जिसकी कुछ मशीने ख़राब हुयी पढ़ी है ग्रामीण क्षेत्रों सप्लाई की बहुत अघोषित कटौती होती है उपभोक्ताओं को पर्याप्त मात्रा में सप्लाई नहीं मिलती जिससे ग्रामीणों को अत्याधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एवं डींग सिटी पूर्व में undar-ground कार्य केवल कागज़ों में मोटा कमीशन लेकर कर दिया गया है परन्तु धरातल स्तर पर कोई कार्य नहीं किया गया है एवं डींग जिले में पर्याप्त मिनिस्ट्री स्टाफ होने के कारण भी स्टोर, सी सी सेक्शन, केस आदि महत्वपूर्ण सेक्शन में तकनीकी कर्मचारियों को लगा रखा है जो नियम विरुद्ध है एवं जर्जर विद्युत तारों एवं खंभों को तत्काल बदला जाए, खराब ट्रांसफार्मरों को शीघ्र बदला जाए तथा जहां आवश्यकता हो वहां नए ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएं। साथ ही गर्मी के मौसम में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जाए। श्वेता यादव ने कहा कि डीग जिले के कई गांवों में तो पूरा दिन रात सप्लाई बंद रहती है उन्होंने विभाग से मांग की कि तकनीकी सर्वे कराकर विद्युत ढांचे को मजबूत किया जाए ताकि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध हो सके। उन्होंने यह भी मांग की कि उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए तथा बिजली विभाग के अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होकर कार्य करने के निर्देश दिए जाएं। सीएमडी आरती डोगरा ने ज्ञापन प्राप्त कर समस्याओं को गंभीरता से लेने तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एडवोकेट श्वेता यादव ने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए वे निरंतर संघर्षरत हैं और भविष्य में भी जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विभाग द्वारा शीघ्र कार्रवाई कर डीग जिले की विद्युत समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## धौलपुर जिला क्रिकेट-संघ को आरसीए-एजीएम में शामिल करने के निर्देश

### हाईकोर्ट ने शुक्रवार को होने वाली एजीएम में शामिल करने के लिए कहा, एडहॉक कमेटी ने किया था निलंबित



**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने शुक्रवार को होने वाली आरसीए एजीएम में धौलपुर जिला क्रिकेट संघ को शामिल करते हुए मतदान करने की छूट दी हैं। जस्टिस अनुरूप सिंघी की वैकेशन बैंच ने यह आदेश धौलपुर जिला क्रिकेट संघ के शत्रुघ्न गौत्तम व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। हालांकि अदालत ने अपने आदेश में साफ किया कि इस निर्णय से जिला संघ के निलंबन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। निलंबन को चुनौती देने वाली याचिका पर मैरिट पर फैसला होगा। बता दे कि पिछले दिनों आरसीए की एडहॉक कमेटी ने जिला संघ को निलंबित कर दिया था। जिसे चुनौती देते हुए जिला संघ ने कहा था कि एडहॉक कमेटी को एसोसिएशन को निलंबित करने का अधिकार ही नही हैं।

### एडहॉक कमेटी के पास पूरे अधिकार

एसोसिएशन की ओर से याचिका लगाकर कहा गया था कि उन्हें निलंबित करने से पहले नोटिस भी नहीं दिया गया, वहीं उन्हें इसकी आधिकारिक जानकारी भी नही दी गई। शुक्रवार को होने वाली एजीएम में उन्हें शामिल नहीं किया गया तो उनके अधिकारों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। वहीं एडहॉक कमेटी के अधिवक्ता ने कहा कि जिला संघ को निलबंति करने की कार्रवाई नियमानुसार ही की गई हैं। खेल अधिनियम और आरसीए के नियमों के तहत एडहॉक कमेटी के पास किसी भी जिला संघ पर कार्रवाई करने का पूरा अधिकार हैं। वहीं निलंबित खेल संघ को एजीएम में शामिल नहीं किया जा सकता हैं। दोनो पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने धौलपुर जिला क्रिकेट संघ को एजीएम में शामिल करने के निर्देश दिए।

## गहलोत खुद को कांग्रेस का राष्ट्रीय-अध्यक्ष इन वेटिंग समझते हैं

### मदन राठौड़ बोले- इनके हाथ में उस्तरा आया तो देश का क्या होगा



**जयपुर।** जयपुर में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कुछ दिन पहले कहा था कि इंदिरा गांधी होती तो बीजेपी पर बैन लगा देती। आप सोचिए इनकी क्या मंशा है। यह फिर से लोकतंत्र की हत्या करना चाहते हैं। राठौड़ ने कहा- गहलोत खुद को आज कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष इन वेटिंग समझते हैं। मतलब यह सोच गहलोत की नहीं, बल्कि पूरी कांग्रेस की है। राठौड़ ने कहा- अगर ऐसे लोगों के हाथ में उस्तरा आ गया तो इस देश का क्या होगा। इनके मंसूबे अच्छे नहीं हैं। आपातकाल की बरसी पर दुर्गापुरा कृषि अनुसंधान केंद्र में गुरुवार को बीजेपी की ओर से संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम में राठौड़ ने यह कहा। इस मौके पर सीएम भजनलाल शर्मा ने मीसा बंदियों की पेंशन में 5 हजार रुपए की बढ़ोतरी की घोषणा भी की। साथ ही मीसा बंदियों को अब रोडवेज में निशुल्क यात्रा की सुविधा भी मिलेगी।

### राठौड़ बोले- गहलोत बिना सत्ता के तड़प रहे

मदन राठौड़ ने मीसा बंदियों से कहा- आप लोगों ने संघर्ष किया है। लोकतंत्र को बहाल किया है, लेकिन आप चुप नहीं बैठ सकते हैं। अभी आपका काम पूरा नहीं हुआ है। आपको समाज को जागरूक करना है। इससे हमारे लोकतंत्र पर कोई गलत नजर नहीं डाल सकेगा। आप इनके मंसूबे देख लो। राठौड़ ने कहा- इन लोगों में राष्ट्रीय चरित्र का भाव नहीं है। यह लोग लोकतंत्र के प्रशंसक नहीं हैं। यह खुद की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। किसी की भी बलि दे सकते हैं। वे बिना सत्ता के ऐसे तड़प रहे हैं, जैसे बिन पानी के मछली तड़पती है।

## टीकाराम जूली बोले- राज्य में सुरक्षित नहीं बेटियां

### कहा- लोकतंत्र और संविधान की दुहाई देने वाली भाजपा ढूंढ रही चुनाव टालने के बहाने

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने जयपुर में कहा- जो पार्टी आज लोकतंत्र और संविधान की बड़ी-बड़ी बातें कर रही हैं। वही पार्टी राजस्थान में पंचायत और स्थानीय निकाय चुनाव न करवाने के रोज नए-नए बहाने ढूंढ रही है। सच तो यह है कि भाजपा जमीनी स्तर पर लोकतंत्र की हत्या कर रही है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के दिए हुए संविधान का गला घोंट रही है। कोर्ट द्वारा दी गई मियाद खत्म होने जा रही है, लेकिन प्रदेश में पंचायत और निकाय चुनावों का कोई अता-पता नहीं है। टीकाराम जूली ने देश के जागरूक मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा- गनीमत है कि देश के वोटरों ने सूझबूझ दिखाई। इस बार भाजपा को उतनी सीटें नहीं दीं।

# राजस्थान सहित 16 राज्यों में सीबीआई की रेड

## डिजिटल अरेस्ट के 200 केस में गिरोह पर शिकंजा, 80 से ज्यादा ठिकानों पर छापे

**जयपुर।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से राजस्थान सहित 16 राज्यों में रेड डाली गई। डिजिटल अरेस्ट गिरोह पर शिकंजा कसते हुए 80 से ज्यादा ठिकानों पर गुरुवार सुबह छापेमारी की गई। सीबीआई ने गिरोह के दो बदमाशों को अरेस्ट किया है। सीबीआई के मुताबिक- राजस्थान सहित देश के 16 राज्यों में एक साथ कार्रवाई करते हुए 80 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की। ऑपरेशन चक्र-6 के तहत गठित 60 विशेष टीमों ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। सीबीआई रेड की कार्रवाई डिजिटल अरेस्ट ठगी के 200 से अधिक मामलों में जुडे नेटवर्क को तोड़ने के लिए की गई। जांच में सामने आया कि आरोपी शेल कंपनियां बनाकर और फेक (म्यूल) बैंक अकाउंट संचालित कर साइबर फ्रॉड की करीब 2 करोड़ रुपए की अवैध कमाई को ठिकाने लगा रहे थे। मामले में चेन्नई और कोलकाता से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार- इस नेटवर्क के बदमाशों की ओर से भारत के साथ




अन्य देशों के लोगों को भी निशाना बनाने की संभावना है। संबंधित देशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भी इसकी जानकारी दी जा रही है।

### सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट से मिलता बनाया था फेक डोमेन

जांच एजेंसी ने बताया- हाल ही सुप्रीम कोर्ट की ऑफिशियल वेबसाइट से मिलता-जुलता एक फेक डोमेन भी सामने आया था। फ्रॉड गैंग इसी वेबसाइट का यूज कर लोगों को डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर ठगी करते थे।

सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री की शिकायत पर **CBI** ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी। टेक्निकल जांच और फोरेंसिक एनालिसिस के बाद **CBI** ने देश और विदेश में फैले इस साइबर नेटवर्क के इम्पोटेंट लिंक की पहचान की थी। जांच में यह भी पता चला कि आरोपी अदालतों और विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों के नाम से फेक आदेश और डॉक्यूमेंट तैयार कर पीड़ितों को असली कार्रवाई का झांसा देते थे। छापेमारी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण, मोबाइल फोन और बैंक लेनदेन से जुड़े रिकॉर्ड जब्त किए गए हैं। इनकी फोरेंसिक जांच जारी है।

# शिक्षामंत्री ने कहा- डोटासरा महामूर्ख और भ्रष्टाचारी

## दिलावर बोले- यह चरित्रहीन के पतिव्रता महिला पर आरोप लगाने जैसा रवैया; किरोड़ी सोना जैसे खरे

**जयपुर।** जयपुर में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा खुद भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे हुए हैं। वे अपनी छवि बचाने के लिए दूसरे नेताओं पर आरोप लगाते रहते हैं। दिलावर ने कहा- मंत्री किरोड़ी लाल मीणा पर लगाए गए आरोपों का कोई आधार नहीं है। दिलावर ने कहा- डोटासरा महामूर्ख और बेईमान हैं। शिक्षा संकुल में स्टेट ओपन स्कूल कार्यालय में गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे मीडिया से बातचीत के दौरान मदन दिलावर ने यह कहा। दिलावर ने कहा- समझदार व्यक्ति इस तरह की बयानबाजी नहीं करता, लेकिन डोटासरा लगातार राजनीतिक आरोप लगाकर माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। दिलावर ने कहा- जिस प्रकार कोई चरित्रहीन किसी पतिव्रता महिला पर आरोप लगाए, डोटासरा का रवैया भी वैसा ही है।



### कहा- किरोडी लाल सोने की तरह खरे

मदन दिलावर ने कहा- डोटासरा भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हुए हैं। जनता का ध्यान अपने मामलों से हटाने के लिए लगातार दूसरे लोगों पर आरोप लगाते रहते हैं। शिक्षा मंत्री ने किरोड़ी लाल मीणा का बचाव करते हुए कहा- वे सोने की तरह खरे हैं। उन पर लगाया गया कोई भी आरोप टिकने वाला नहीं है। दिलावर ने कहा- डॉ. किरोड़ी लाल मीणा का सार्वजनिक जीवन और कार्यशैली पूरी तरह पारदर्शी रहा है। उनके खिलाफ लगाए जा रहे आरोपों में कोई दम नहीं है।

### जांच एजेंसियां अपना काम कर रहीं

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- कानून अपना काम करेगा और जांच एजेंसियां अपना कार्य कर रही हैं। उन्होंने दावा किया कि जो लोग आज खुद को बेगुनाह बता रहे हैं, उन्हें भी जांच का सामना करना पड़ेगा। इसी दौरान दिलावर ने कांग्रेस नेता महेश जोशी का उदाहरण देते हुए कहा कि वे भी पहले खुद को निर्दोष बताते थे। बाद में उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ा।

# जयपुर में 30 मिनट में 2 इंच तक बारिश

## सड़कें लबालब, गाड़ियां बंद हुई, दुकानों में घुसा पानी; कोटा में भी बरसात




**जयपुर।** जयपुर में गुरुवार दोपहर 2 इंच बरसात से सड़कें पानी से लबालब हो गई। जगह-जगह पानी भर गया, जिससे गाड़ियां बंद हो गईं। सबसे ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन सवारों को हुई। सुभाष चौक इलाके में दुकानों में पानी घुस गया। ऐसा ही हाल एमडी रोड का रहा। जानकारी




के अनुसार- जयपुर कलेक्ट्रेट, चारदीवारी के आसपास करीब 50एमएम(2 इंच) पानी बरसा। शहर के अलावा सांगानेर एरिया में 33एमएम जेएलएन मार्ग में 11.4, फागी में 15, जालसू में 12, कालवाड़ में 4 और आमेर एरिया में 2एमएम पानी बरसा। जयपुर के साथ ही नागौर, भीलवाड़ा, जोधपुर, कोटा के भी कुछ इलाकों में 20 से 35एमएम तक बरसात हुई। पिछले 24 घंटे के दौरान नागौर के सांजू में 25एमएम, डेगाना में 35, खींवसर में 13, सवाई माधोपुर के बामनवास में 10, बीकानेर के छतरगढ़ में 14, धौलपुर के बसेड़ी में 5, कोटा के चेचट में 17, कानावास में 4, राजसमंद के रेलमगरा में 5, भीलवाड़ा के सहाड़ा में 22, जोधपुर के भोपालगढ़ में 20एमएम बरसात दर्ज हुई। इससे पहले बुधवार (24 जून) को भरतपुर, जयपुर, नागौर, सीकर, चूरू और श्रीगंगानगर के कुछ इलाकों में 1 इंच या उससे ज्यादा बरसात हुई। श्रीगंगानगर में सबसे ज्यादा गर्मी दर्ज की गई, जहां का अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

### सीकर रोड पर भरा पानी

विद्यानगर सीकर रोड पर बारिश के बाद सड़कें लबालब हो गई। पानी भरने से वाहन ड्राइवरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव महेंद्र सिंह खेड़ी ने सीकर रोड पर बने ड्रेनेज सिस्टम पर सवाल उठाए हैं।

# डोटासरा बोले- कांग्रेस राज में मुझसे गलतियां हो गईं

## 4-5 बेईमानों को अच्छी जगह रखवा दिया; बीजेपी वाले खच्चर खरीद रहे नाम ऑपरेशन-टाइगर

**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- कांग्रेस राज के दौरान मुझसे गलती हुई और मैंने चार-पांच बेईमानों को अच्छी जगह पर नियुक्त कर दिया (रख दिया)। इसके साथ ही डोटासरा ने बीजेपी पर सांसदों और विधायकों की खरीद-फरोख्त का आरोप लगाते हुए उन्हें खच्चर तक बता दिया। डोटासरा ने राजस्थान यूनिवर्सिटी कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के कार्यक्रम में कहा- मैं रुक्टा से माफी चाहता हूं। मैं माफी इसलिए चाहता हूं क्योंकि जब पिछली बार हमारी सरकार थी, तो मैं उन लोगों को समझ नहीं पाया और मुझसे भी चार-पांच गलतिया हो गई। आपने बार-बार आकर मुझसे कहा था कि ये लोग तोड़ने में विश्वास रखते हैं, आप उनकी पैरवी मत करो, लेकिन मुझ पर जुनून सवार था।



### डोटासरा ने कहीं ये 3 अहम बातें:

1. अब समझ आ गया कि जो जैसा करेगा, उसका हिसाब बराबर करना ही होगा

डोटासरा ने कहा- आज देश-प्रदेश में कैसा माहौल चल रहा है? किसी ने सोशल मीडिया पर ट्वीट कर दिया कि राहुल गांधी ने अच्छा बोला, तो अगले ही दिन उस कर्मचारी को APO कर दिया जाता है। यह कौन सी राजनीति है? यह कैसी शिक्षा व्यवस्था है? अब मेरी समझ में आया कि ये रुक्टा वाले बार-बार मुझसे सही कहते थे। मुझ पर तो जुनून सवार था, नया-नया शिक्षा मंत्री बना था, तो मैंने सोचा कि सब मेरे जैसे ही भले लोग हैं। मैंने सोचा कि सब प्रोफेसर हैं, विद्वान हैं, अपनी बात रखते हैं, अपनी नौकरी करते हैं, हमें इन्हें डिस्टर्ब नहीं करना चाहिए और बचाकर रखना चाहिए। लेकिन अब मेरी समझ में आ गया है कि जो जैसा करता है, उसका हिसाब बराबर करना ही होगा।

**2. खच्चर खरीद रहे हो और नाम दे रहे हो 'ऑपरेशन टाइगर'**

डोटासरा ने कहा- अभी गहलोत साहब ने कह दिया कि ये लोग (बीजेपी) ऐसे-ऐसे लोग खरीद रहे हैं, तो मदन राठौड़ साहब नाराज हो गए और मीडिया में आकर बोले कि विधायकों को पशु बता दिया।

# डॉ. किरोड़ी बोले-गहलोत गांधारी-दर्शन त्यागकर सच का सामना करें

## सत्ता मोह में मंत्री-विधायकों को खुलेआम लूट की छूट दी, पांच साल तक कुर्सी से चिपके रहे

**जयपुर।** कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर पलटवार किया है। दरअसल, गहलोत ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का पक्ष लेते हुए किरोड़ी लाल मीणा पर बिना तथ्यों के आरोप लगाने का बयान दिया था। अब किरोड़ी लाल ने गहलोत को गांधारी-दर्शन छोड़कर सच का सामना करने की सलाह दी है। गहलोत पर निशाना साधते हुए डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- गांधी दर्शन की बात करने वाले अशोक गहलोत को गांधारी-दर्शन त्यागकर सत्य का सामना करना चाहिए। प्रदेश के मुखिया के रूप में पांच वर्षों तक कुशासन देने वाले अशोक गहलोत आज तथ्यों की माँग कर रहे हैं, जबकि तथ्य उनकी सरकार के काले कारनामों की गवाही खुद देते आ रहे हैं।



### गहलोत राज में रीट भर्ती महाभ्रष्टाचार का कुंभ साबित हुई

किरोड़ी लाल मीणा ने आगे लिखा- जल जीवन मिशन में हुए घोटालों के तथ्यों के आधार पर ही कांग्रेस सरकार के आपके खासमखास मंत्री महेश जोशी आज जेल की हवा खा रहे हैं। **REET** भर्ती परीक्षा को उनके प्रिय शिक्षा मंत्री ने महाकुंभ कहा था, लेकिन वह युवाओं के सपनों के साथ महाभ्रष्टाचार का कुंभ सिद्ध हुआ। आखिरकार मेरे द्वारा जुटाए गए तथ्यों के आधार पर ही गहलोत साहब को रीट लेवल-2 की परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी। एसआई भर्ती परीक्षा में भी मेरे द्वारा अनियमितताओं के तथ्य प्रस्तुत करने पर कार्रवाई हुई, जिसके बाद आयोग के सदस्य और फर्जी तरीके से चयनित अभ्यर्थी जेल गए।


### गहलोत सत्ता के मोह में पांच साल कुर्सी से चिपके रहे

किरोड़ी लाल ने लिखा- आरएएस भर्ती परीक्षा में कांग्रेस सरकार में बैठे लोगों द्वारा किए गए घिनौने खेल से तो पूरा प्रदेश अच्छी तरह परिचित है। गहलोत साहब खुद सत्ता के मोह में किसी भी कीमत पर पाँच साल तक कुर्सी से चिपके रहे और उनके मंत्रियों व विधायकों ने प्रदेश को भ्रष्टाचार, लूट और प्रशासनिक अराजकता की आग में झोंक दिया, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। आगे लिखा- गोस्वामी श्री तुलसीदास जी महाराज ने श्रीरामचरितमानस में सत्य ही लिखा है- पर उपदेस कुसल बहुतेरे। जे आचरहिं ते नर न घनेरे।

# भरत एनकाउंटरः 8 दिन बाद सम्राट बोले-दोषी को सजा होगी...

## रिटायर्ड जज से भरत की मां बोलीं- प्रशासन गुंडा है एसडीएम को भी फंदे से लटकाओ

**भोजपुर।** भोजपुर के भरत तिवारी एनकाउंटर के 8 दिन बाद सीएम सम्राट चौधरी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि समस्या यदि सामने आती है तो सरकार तुरंत चिंतित होकर आगे बढ़ेगी ।सरकार ने सबसे ऊपर के आयोग का गठन किया है। जो गलत होगा उस पर कार्रवाई होगी। इधर, भरत तिवारी मुठभेड़ की न्यायिक जांच शुरू हो गई है। गुरुवार सुबह रिटायर्ड जज विनोद कुमार सिन्हा अपनी टीम के साथ भरत तिवारी के गांव बिलौटी पहुंचे। उनके साथ शाहबाद रेंज के DIG सत्य प्रकाश, भोजपुर के DM तनय सुल्तानिया, भोजपुर के SP राज समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद हैं। रिटायर्ड जज विनोद कुमार सिन्हा ने भरत तिवारी के माता-पिता और भाई से भी मुलाकात की है। साथ ही वारदात से जुड़े जगहों का निरीक्षण किया। विनोद कुमार सिन्हा से मुलाकात के बाद भरत तिवारी की मां आशा देवी ने बताया, उन्होंने मुझसे कहा कि आप लिखकर दीजिए क्या चाहती हैं। मैंने जज साहब से कहा कि मेरे बेटे को को जिस-जिस ने मारा है, उसे फांसी होनी चाहिए। जिस SDM का मेरे बेटे की हत्या में हाथ था वो भी उनके साथ आया था। मैंने उनके सामने कहा कि इसे फांसी दो। प्रशासन गुंडा है, गुंडे का एक ही इलाज है फांसी। मुझे कोर्ट पर विश्वास है। सीबीआई जांच होनी चाहिए। 17 जून को भरत तिवारी का एनकाउंटर हुआ था। परिवार ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस वालों पर एफआईआर दर्ज कराई है। इसके बाद सीएम ने इस मामले में न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं।



भरत तिवारी
मृतक



### एनकाउंटर के 8 दिन बाद परिवार से मिले भोजपुर SP

इधर, एनकाउंटर के 8वें दिन जिले के एसपी राज भरत के परिजनों से मिले। भरत तिवारी के घर से एसपी दफ्तर की दूरी 28 किलोमीटर है। एसपी को 28 किलोमीटर की दूरी तय करने में 8 दिन का वक्त लग गया। बुधवार को रात के अंधेर में जिले के कप्तान दलबल के साथ भरत तिवारी के घर पहुंचे। करीब एक घंटे तक परिजन से मिले। इस दौरान एसपी ने स्पष्ट कहा कि वह बोलने नहीं, बल्कि परिवार की पीड़ा और पक्ष सुनने आए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मामले के हर पहलू की निष्पक्ष जांच की जाएगी। मुलाकात के दौरान भरत तिवारी की मां आशा देवी ने बेटे की मौत के मामले की सीबीआई जांच कराने और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। आज बीजेपी एमएलसी पवन सिंह भरत तिवारी के घर वालों से मिलेंगे। इधर, बुधवार को भरत तिवारी एनकाउंटर के विरोध में बिलौटी गांव में महापंचायत हुई। महापंचायत में शामिल लोगों का कहना था कि भरत तिवारी की जो मांग थी, उसे पूरा किया जाए, नहीं तो श्राद्धकर्म के बाद वे विधानसभा का घेराव करेंगे। भरत तिवारी के एनकाउंटर के सवाल पर सांसद शांभवी चौधरी ने कहा कि जो भी पुलिसकर्मी दोषी हैं, उनपर कार्रवाई होनी चाहिए। **NDA** सरकार में उनके परिवार को न्याय जरूर मिलेगा। पवन सिंह आज भरत तिवारी के परिवार से मिलने जाएंगे।

### भरत तिवारी एनकाउंटर केस में अबतक क्या-क्या हुआ

**भरत तिवारी केस-SDPO राजेश का 19 साल पुराना एनकाउंटर कनेक्शनः** मुजफ्फरपुर में नाबालिग को किया था ढेर, मृतक की मां बोली- पूछताछ के बहाने ले गए थे अनिरुद्धाचार्य के बाद भरत के समर्थन में उतरे धीरेंद्र शास्त्री-बोले- शरण में आने वाले का वध गलत, सरकार निष्पक्ष जांच करवाए, जल्द परिवार से मिलूंगा

**भरत तिवारी की मौत के जिम्मेदार 4 चेहरः** पुलिस ने सम्राट को गलत जानकारी दी, मेंटल केस बताकर गोली मारी, क्या ये फेक एनकाउंटर है? भरत तिवारी एनकाउंटर- हमारे सामने 3 गोली मारी, 5 कैसे निकली?: हथियार फेंकने के बाद पुलिस ने दौड़कर पकड़ा, दूर ले जाकर दागी बुलेट; गांववालों की आंखों-देखी

### भरत के घर से अपडेट दे रहे हैं रिपोर्टर अभिनय प्रकाश

1600 किलोमीटर दूर हरियाणा के भिवानी से आए एक शख्स ने भरत तिवारी के घर पर तिरंगा फहराया और कहा कि अब ये असली शहीद का घर हो गया है। शख्स ने कहा कि जब से भरत तिवारी के एनकाउंटर की खबर सुनी, मुझे नींद नहीं आ रही थी। मैं मांग करता हूं कि भरत तिवारी को शहीद का दर्जा दिया जाए। भरत तिवारी समाज के लोगों के लिए सुविधाएं ही तो मांग रहा था, सरकार ने क्या किया, सरकार ने उसे गोली मार दी। भोजपुर के ही देवकुली गांव से आए एक शख्स ने कहा कि भरत की हत्या क्यों की गई, भरत तिवारी प्रशासन और बिहार सरकार पर भारी पड़ गया है। भरत तिवारी के गांव से 10 किलोमीटर दूर से आए एक शख्स ने कहा कि भरत तिवारी को न्याय देना पड़ेगा, भरत तिवारी के लिए हम लोग अपनी जान दे देंगे। अगर न्याय नहीं मिला तो हम लोग मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का घेराव करेंगे।



### सूर्य कला रामजी फाउंडेशन की टीम भरत तिवारी के घर पहुंची

बांका और बेगूसराय की सामाजिक संस्था सूर्य कला रामजी फाउंडेशन की टीम भरत तिवारी के परिजनों से मिलने के लिए बिलौटी गांव पहुंची। टीम के सदस्यों ने मैं भी भरत तिवारी लिखी टी-शर्ट पहन रखी थी। संगठन के सदस्यों ने कहा कि भरत तिवारी के परिवार को न्याय मिलने तक वे उनके साथ खड़े रहेंगे। उनका कहना था कि जब तक सरकार इस मामले में न्याय सुनिश्चित नहीं करती, तब तक उनका संगठन पीड़ित परिवार के समर्थन में आवाज उठाता रहेगा।

### JDU विधायक बोले- दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी

भोजपुर में भरत तिवारी एनकाउंटर मामले पर विधायक राहुल कुमार सिंह ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद है। पीड़ित परिवार के साथ समाज के सभी लोग खड़े हैं। मामले में उचित कार्रवाई की जा रही है और न्यायिक जांच भी चल रही है। सरकार अपना काम कर रही है। उन्होंने कहा, मैं इलाके का बेटा होने के नाते परिवार से मिलने यहां पहुंचा हूं। जवान बेटे का दुनिया से चले जाना सबसे बड़ा दुख होता है। विधायक ने बताया कि मामले में संबंधित दोषी को निलंबित कर दिया गया है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाएगा।

### एनकाउंटर वाली जगह को समर्थकों ने घेरा, तिरंगा लगाया

एनकाउंटर में मारे गए भरत तिवारी का जहां खून गिरा था, उस जगह को समर्थकों ने ईंट से घेर दिया है। और तिरंगा झंडा लगाया। भरत तिवारी अमर रहे के नारे लगाए गए।

### लोग बोले- भरत तिवारी को न्याय मिलना चाहिए

जहां भरत तिवारी का एनकाउंटर हुआ वहां समर्थकों ने ईंट से घेरकर तिरंगा झंडा लगाया दिया है। लोगों का कहना है कि भरत तिवारी को हर हाल में न्याय मिलना चाहिए।

### रिटायर्ड जज ने भरत की फैमिली से बात की

रिटायर्ड जज विनोद कुमार सिन्हा ने भरत तिवारी के परिवार वालों से बात की। उन्होंने निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया।

### सम्राट चौधरी का एनकाउंटर हुआ होता तो CM न बन पातेः RJP MP

**RJD** सांसद सुधाकर सिंह ने कहा, लालू यादव नायक हैं और सम्राट चौधरी की नजर में इसलिए खलनायक हैं, क्योंकि उनका एनकाउंटर लालू यादव ने नहीं कराया। अगर सम्राट चौधरी का एनकाउंटर हो गया होता, तो वह आज मुख्यमंत्री नहीं बने होते। सुधाकर सिंह ने कहा, सम्राट चौधरी पर पहले हत्या, अपहरण और रंगदारी जैसे आरोप लग चुके हैं। कुछ लोगों की नजर में लालू परिवार और यादव इसलिए खलनायक हैं, क्योंकि उन्होंने किसी का एनकाउंटर नहीं कराया।

### भरत की भाभी बोलीं- सरेंडर के बाद गोली क्यों मारी

भरत तिवारी की भाभी सुमन देवी ने कहा कि मेरे देवर के सपने को पूरा किया जाए, उसने गरीबों के लिए जो कुछ सपना देखा था, उसे पूरा किया जाए। डीआईजी से मांग की है कि एनकाउंटर में जो भी शामिल है, उसे फांसी की सजा दी जाए। भरत तिवारी का एनकाउंटर नहीं हुआ है, उनकी साजिश के तहत हत्या की गई है। जब पिस्टल फेंक दी थी, उन्हें पकड़ा जा सकता था, गोली क्यों मारी गई।

### भाई वीरेंद्र बोले- सरकार के सारे एनकाउंटर फेक हैं

राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा, बिहार में अब तक जितने एनकाउंटर हुए, वो फेक एनकाउंटर हुए हैं। जब दलित का एनकाउंटर होता है, तो नक्सली से कनेक्शन जोड़ा जाता है। जब अकलियत का एनकाउंटर होता है, तो आतंकवादी से कनेक्शन जोड़ा जाता है। लेकिन जब फॉरवर्ड का एनकाउंटर होता है, तब शहीद का दर्जा मांगा जाता है। ये दोहरी नीति नहीं चलने देंगे। जो भी एनकाउंटर हुआ है, उसकी न्यायिक जांच होनी चाहिए।

### रिटायर्ड जज ने कहा-अभी कुछ नहीं कहूंगा

रिटायर्ड जज विनोद कुमार सिन्हा ने भरत के परिवार से मुलाकात की। हालांकि उन्होंने अभी मामले पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। बोले अभी शुरूआती जांच है, कुछ नहीं कहूंगा।

## जयपुर में 2 करोड़ का रोबोट करा रहा एक्सरसाइज


### मरीज के मूवमेंट पर बारीकी से रख रहा नजर, एसएमएस हॉस्पिटल में शुरुआत



**जयपुर।** जयपुर के सवाई मान सिंह हॉस्पिटल के रीजनल रिहैबिलिटेशन सेंटर में करीब 2 करोड़ रुपए की लागत से रोबोटिक फिजियोथेरेपी की शुरुआत हुई है। बीमारी की वजह से खुद एक्सरसाइज न कर पाने वाले मरीजों को रोबोट एक्सरसाइज करा रहा है। इसके लिए सवाई मान सिंह हॉस्पिटल के रीजनल रिहैबिलिटेशन सेंटर में करीब 2 करोड़ रुपए की लागत से रोबोटिक फिजियोथेरेपी की शुरुआत हो चुकी है। दावा किया जा रहा है कि यह फिजियोथेरेपी पैरालाइसिस, स्पाइनल इंजरी, ब्रेन इंजरी जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे मरीजों के लिए मददगार साबित हो रही है। इसकी खास बात यह है कि एक बार तय एक्सरसाइज का कमांड देने के बाद जितने चाहो उतने मूवमेंट कराए जा सकते हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि पैरालाइसिस, स्पाइनल इंजरी, ब्रेन इंजरी जैसी बीमारियों में फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा मरीजों को लगातार एक्सरसाइज कराना चुनौती भरा होता है। लकवा या स्पाइनल इंजरी के मरीजों को रोजाना एक्सरसाइज कराना जरूरी होता है, ताकि शरीर का मूवमेंट बना रहे। वे रिकवर कर सकें। इसके लिए रोबोटिक फिजियोथैरेपी गेम चेंजर साबित हो रही है। रोबोट की सबसे बड़ी विशेषता इसकी प्रोग्रामिंग क्षमता है। फिजियोथेरेपिस्ट को केवल एक बार मरीज की स्थिति और आवश्यकता के अनुसार डेटा सेट करनी पड़ती है। इसके बाद यह मशीन खुद-ब-खुद तय मानकों के अनुसार मरीज को एक्सरसाइज कराती है। मशीन यह सुनिश्चित करती है कि हर मूवमेंट बिल्कुल सटीक हो। इससे मरीज की रिकवरी तेज गति से होती है। रोबोट के जरिए एक्सरसाइज कर रहे मरीज मनोज ने बताया कि छत से नीचे गिरने के बाद हाथ और पैरों ने काम करना बंद कर दिया था। अब रोबोट के जरिए एक्सरसाइज कराने से कुछ फायदा हो रहा है। हाथ-पैर में धीरे धीरे मूवमेंट होने लगी है।

## कार्तिकेय बोले-राहुल गांधी ने खेद जताया, याचिका निरस्त करें: राहुल बोले थे-पनामा पेपर मामले में कन्फ्यूजन में लिया नाम; मानहानि केस में फैसला सुरक्षित

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कार्तिकेय सिंह चौहान के बीच चल रहे मानहानि मामले में सुनवाई पूरी हो गई। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। राहुल गांधी की ओर से दायर याचिका पर जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। हाईकोर्ट ने राहुल गांधी के हल्फनामे के बाद कार्तिकेय सिंह चौहान को जवाब पेश करने के लिए बुलाया था। कार्तिकेय की ओर से कोर्ट में कहा गया कि अगर राहुल गांधी ने कन्फ्यूजन में नाम लिया था, तो उन्हें अब इस पर कोई दिक्कत या आपत्ति नहीं है। इसके बाद कोर्ट ने मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। जल्द फैसला आ सकता है।




### कार्तिकेय की ओर से याचिका खारिज करने की मांग

कार्तिकेय सिंह चौहान के वकील संकल्प कोचर ने कोर्ट में कहा- राहुल गांधी ने अपने लिखित जवाब में स्वीकार किया है कि उन्होंने भूलवश पनामा पेपर्स में लिया था। इस पर खेद भी व्यक्त किया है। उनका बयान न तो तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और न ही कार्तिकेय सिंह चौहान के संदर्भ में था। वकील ने बताया कि कार्तिकेय सिंह चौहान ने भी अपने जवाब में कहा है कि उन्हें अब कोई आपत्ति नहीं है। मानहानि की कार्रवाई और राहुल गांधी की याचिका को समाप्त करते हुए मामले का निराकरण किया जाना चाहिए। मामले में हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। आदेश आज या फिर सोमवार तक आने की संभावना जताई जा रही है।

### राहुल गांधी ने कहा था- पनामा पेपर्स में कार्तिकेय का नाम

चुनावी रैली में राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि पनामा पेपर्स लीक मामले में शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान का नाम शामिल है। पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ का नाम पनामा पेपर्स में आने पर उन्हें जेल हुई थी, लेकिन मध्य प्रदेश में कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### राहुल गांधी बोले- कन्फ्यूजन में कार्तिकेय का नाम लिया

हाईकोर्ट में पेश आवेदन में राहुल गांधी ने कहा- उनका बयान शिकायतकर्ता के संबंध में नहीं था। भाषण के दौरान गलती से कार्तिकेय सिंह चौहान का नाम आ गया था। विवादित बयान के अगले दिन राहुल गांधी ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि वे छत्तीसगढ़ के तत्कालीन सीएम रमन सिंह के बेटे अभिषेक का नाम लेना चाहते थे, लेकिन कन्फ्यूजन में कार्तिकेय का नाम ले लिया। यह मामला 2018 के झाबुआ विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी के एक भाषण से जुड़ा है। कार्तिकेय सिंह चौहान का आरोप है कि कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए राहुल गांधी ने चुनावी सभा में पनामा पेपर्स लीक प्रकरण का जिक्र करते हुए उनका नाम लिया था। शिकायत के अनुसार इससे उनकी प्रतिष्ठा और छवि को नुकसान पहुंचा।

### एमपी-एमएलए कोर्ट में दायर हुआ था परिवाद

कार्तिकेय सिंह चौहान ने भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का परिवाद दायर किया था। शिकायतकर्ता की ओर से अधिवक्ता संकल्प कोचर ने पैरवी की। सुनवाई के बाद अदालत ने राहुल गांधी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए समन जारी किए थे।

### समन को हाईकोर्ट में दी चुनौती

एमपी-एमएलए कोर्ट से जारी समन और लंबित कार्यवाही को चुनौती देते हुए राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट का रुख किया है। याचिका में निचली अदालत की कार्यवाही पर सवाल उठाए गए हैं। साथ ही 25 जून को होने वाली सुनवाई में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट की मांग भी की गई थी।

## ट्रक में घुसी कार, औरंगाबाद के चार लोगों की मौतःदो की हालत गंभीर, एक घंटे फंसे रहे; मंदसौर में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हादसा

**मंदसौर।** मंदसौर में दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर एक तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। दुर्घटना गुरुवार सुबह करीब 11 बजे हुई। सीतामऊ थाना पुलिस के मुताबिक, रेनॉल्ट ट्राइबर कार में छह लोग सवार थे। सभी महाराष्ट्र के औरंगाबाद के रहने वाले हैं। वे दिल्ली मोबाइल इक्विपमेंट का सामान लेने जा रहे थे, लेकिन इस बीच तितरोद में हादसे का शिकार हो गए। पुलिस के मुताबिक, परिजनों को सूचना दे दी गई है। संभवतः वह गुरुवार देर रात या शुक्रवार सुबह तक मंदसौर पहुंचेंगे, जिसके बाद पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू होगी। चारों शवों को सीतामऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही रखा गया है।



वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया। उसमें सवार लोग करीब एक घंटे तक अंदर फंसे रहे।

### पुलिस से पहले राहगीरों ने रेस्क्यू किया

हादसे के बाद कार में सवार लोग करीब एक घंटे तक वाहन में फंसे रहे। राहगीरों और अन्य वाहन चालकों ने राहत कार्य शुरू किया। सूचना मिलने पर पुलिस और एंबुलेंस भी मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद सभी घायलों और मृतकों को कार से बाहर निकाला गया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।